## एक नजर में

### पेंशनर्स संघ ने मोहनपुर डेम भ्रमण कार्यक्रम

**गुना।** शासकीय पेंशनर एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ, जिला गुना के तत्वाधान में राजगढ़ जिले के प्रसिद्ध मोहनपुर डेम का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दल में लगभग 60 पेंशनर्स शामिल रहे, जो सुबह 8 बजे गुना से रवाना होकर शाम 8 बजे वापस लौटे। संघ के उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने बताया कि यह भ्रमण कार्यक्रम संघ के अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित हुआ। मोहनपुर डेम पर पदस्थ परियोजना अधिकारी इंजीनियर विकास राजौरिया ने सभी आगंतुकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और डेम की विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मोहनपुर डेम एशिया का अपनी तरह का सबसे बड़ा डेम है, जो अपनी विशेष संरचना के लिए विश्व भर में जाना जाता है। यहां से नहरों के स्थान पर पाइपलाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचाया जाता है, जो जल संरक्षण की अत्याधुनिक तकनीक है।

# गुना में बारिश बनी राहत भी, मुसीबत भी

## अब तक 77 .5 फीसदी बारिश, फसलें गलने लगीं, लोग पहुंचे पिकनिक स्पॉट

नवभारत न्यूज

**गुना 27 जुलाई का। जिले में बीते दो दिनों से तेज बारिश का सिलसिला जारी है। शनिवार शाम शुरू हुई झमाझम बारिश रविवार को भी थमी नहीं और दिनभर कभी मूसलधार तो कभी रिमझिम फुहारों के साथ मौसम ने ठंडक घोल दी। जहां एक ओर बारिश ने गर्मी और उमस से राहत दी, वहीं दूसरी ओर अधिक पानी से कई क्षेत्रों में फसलें गलने लगी हैं और ग्रामीण इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है।**

जिले में इस वर्ष अब तक कुल 816.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो सामान्य वर्षा 1053.5 मिमी का 77.5 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि तक मात्र 455.3 मिमी बारिश हुई थी। इस बार का आंकड़ा साफ तौर पर बताता है कि मानसून अब तक बहुत सक्रिय रहा है। भू-अभिलेख अधीक्षक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षा मापी केन्द्रों में गुना में 1108.5 मिमी, बमोरी में 951.0 मिमी, आरोन में 664.0 मिमी, राघौगढ़ में 698.0 मिमी, चांचौड़ा में 639.0 मिमी, कुंभराज में 816.0 मिमी और मक्सूदनगढ़ में 835.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में जिले में औसतन 49.4 मिमी बारिश दर्ज हुई। सबसे अधिक वर्षा कुंभराज में 107 मिमी और मक्सूदनगढ़ में 58 मिमी रही। वहीं गुना में 40 मिमी, बमोरी में 56 मिमी, राघौगढ़ में 46 मिमी, चांचौड़ा में 22 मिमी और आरोन में 17 मिमी वर्षा हुई। बारिश का असर खेतों में भी देखने को मिल रहा है। लगातार पानी गिरने से खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई है जिससे मक्का, सोयाबीन, उड़द जैसी फसलें गलने लगी हैं। कई किसानों ने खेतों में पानी भरे रहने से फसल सडने् की आशंका जताई है। ऐसे में यदि आने वाले दिनों में बारिश और तेज होती है तो नुकसान और बढ़ सकता है। हालांकि रविवार को अवकाश होने के चलते शहर के लोग बारिश के बीच भी मौसम का आनंद लेने निकल पड़े। बड़ी संख्या में लोग सिंगवासा तालाब, गोपीकृष्ण सागर बांध और अन्य पर्यटन स्थलों पर परिवारों के साथ पहुंचे। कहीं बच्चों ने बारिश में भीगने का आनंद लिया तो कहीं युवाओं ने फोटो और वीडियो शूट कर सोशल मीडिया पर शेयर किए।



बारिश के इस मौसम ने जहां शहरवासियों को राहत दी है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इसका असर दोतरफा है।

खेतों में ज्यादा पानी से नुकसान तो है ही, साथ ही ग्रामीण रास्तों पर कीचड़ और दलदल ने आवाजाही को भी मुश्किल बना दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिन और बारिश की संभावना बनी हुई है। किसानों और प्रशासन दोनों के लिए यह समय सतर्कता और निगरानी का है।



## बारिश से बिगड़ी बिजली व्यवस्था नानाखेड़ी में गिर गए दो विद्युत पोल

लगातार हो रही झमाझम बारिश अब शहर की मूलभूत सुविधाओं पर भी असर डालने लगी है। केवल गलियों में पानी भरना या सडकें खराब होना ही नहीं, अब बारिश के कारण बिजली व्यवस्था भी चरमरा गई है। शहर के नानाखेड़ी क्षेत्र में शनिवार रात भारी बारिश के चलते दो विद्युत पोल जमींदोज हो गए, जिससे पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। यह घटना नानाखेड़ी की शांति हेरिटेज कॉलोनी के सामने की है, जहां बारिश के कारण ज़मीन की पकड़ कमजोर होने से दो खंभे सीधे गिर पड़े। गनीमत यह रही कि उस वक्त वहां से कोई व्यक्ति या वाहन नहीं गुजर रहा था, वरना हादसा गंभीर हो सकता था। विद्युत पोल गिरने की जानकारी मिलते ही रविवार सुबह विद्युत कंपनी की मेंटिनेंस टीम मौके पर पहुंची।

**टीम ने मौके पर पहुंचकर शुरू किया सुधार कार्य**

क्रेन की मदद से पहले गिरे हुए खंभों को हटाया गया और फिर नए सिरे से उन्हें मजबूती के साथ पुन: गाडने् का कार्य शुरू किया गया। विद्युत पोल गिरने से पूरे क्षेत्र की सप्लाई प्रभावित हो गई थी, जिससे रहवासियों को रातभर अंधेरे में रहना पड़ा। जानकारों का मानना है कि लगातार बारिश से ज़मीन की पकड़ ढीली हो चुकी है, जिससे पोलों की नींव कमजोर हो गई है। ऐसे में यदि समय रहते सतर्कता नहीं बरती गई तो आने वाले दिनों में अन्य इलाकों में भी इसी तरह की समस्याएं देखने को मिल सकती हैं।

## हरियाली तीज पर महिला शक्ति संगठन ने किया सेवा कार्य और पौधारोपण

**गुना।** महिला शक्ति संगठन द्वारा समाज सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हर रविवार की तरह इस बार हरियाली तीज के अवसर पर भी सेवा कार्य किया गया। संगठन की टीम ने शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्रीराम मुक्तिधाम, बूढ़े बालाजी पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर संगठन की सक्रिय सदस्य वंदना मांढरे, नीलम बिंदल, भारती शर्मा, नीता तिवारी, लता महेश्वरी और संगीता आर्य सहित अन्य महिला सदस्यों ने मिलकर मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई की। इसके बाद विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में संगठन से जुड़े प्रभाकर मांढरे और प्रदीप बिंदल ने भी सहयोग प्रदान किया। संगठन की सदस्यों ने कहा कि हरियाली तीज प्रकृति और हरियाली के संरक्षण का प्रतीक है, ऐसे में इस पर्व पर पौधारोपण का कार्य करना न केवल एक धार्मिक कार्य है बल्कि पर्यावरण की रक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है।



उन्होंने यह भी कहा कि महिला शक्ति संगठन आगे भी इसी तरह हर रविवार को सेवा कार्य करता रहेगा और समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करेगा।

## पिता की पुण्य स्मृति में रोगी परिजनों को कराया गया भोजन, हॉट कैम्पर भी प्रदान किया




नवभारत न्यूज

**गुना।** सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय में रविवार को विकास टांटिया द्वारा अपने स्व. पिता वीरेंद्र टांटिया की पुण्य स्मृति में रोगी परिजनों को नि:शुल्क भोजन कराया गया। इस सेवा कार्य का आयोजन श्रद्धा और सेवा की भावना के साथ किया गया, जिसमें टांटिया परिवार और सेवा भारती परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत स्व. वीरेंद्र टांटिया को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर टांटिया परिवार से बसंत टांटिया, विकास टांटिया, पराग टांटिया, विवेक टांटिया, विपिन टांटिया, अमित टांटिया, नीतीश गोलेछा, महावीर श्रीमाल, श्रीमती पद्मा टांटिया, मंजू सुराना, सुमित अग्रवाल और चित्रांक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

सेवा भारती परिवार की ओर से डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी, प्रमोद यादव, सुनील पांडेय, प्रमोद भार्गव, अन्नपूर्णा भोजनालय अध्यक्ष काशीराम उरैया, भंवरलाल पंत सहित कई सेवाभावी जन शामिल हुए। इस अवसर पर विकास टांटिया ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेवा भारती को हॉट कैम्पर भी प्रदान किया, जिससे जिला अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं को गर्म पानी की सुविधा मिल सकेगी। अब हर सुबह 8 से 9 बजे के बीच अस्पताल में प्रसूताओं के लिए गर्म पानी उपलब्ध रहेगा।

विकास टांटिया ने बताया कि पूर्व में प्रसूताओं को गर्म पानी के लिए परेशान होना पड़ता था, जिस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह सेवा प्रदान की गई है। सेवा भारती परिवार ने टांटिया परिवार के इस सेवाभाव की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया।

### कृषि वानिकी से बढ़ेगी किसानों की आमदनी

**गुना।** चांचौड़ा विकासखंड में किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्था ने अनुकरणीय पहल की है। संस्था द्वारा एक्सिस बैंक फाउंडेशन के सहयोग से संचालित कृषि वानिकी परियोजना के तहत स्थानीय किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ हरित आवरण बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। परियोजना प्रबंधक हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विकासखंड की 23 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 40 गांवों में 74 किसानों की कुल 30.2 हेक्टेयर भूमि पर 17,184 फलदार पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों में आम (दशहरी), नींबू (कागजी), संतरा (नागपुरी), पपीता (ताइवान) और अमरूद (एल49) जैसे प्रजातियों को प्राथमिकता दी गई है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया मजदूर, मौके पर मौत

नवभारत न्यूज

**गुना। जिले के म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम पाटई में शनिवार शाम एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह निर्माणाधीन भवन में काम करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी हालत बिगड़ गई और बाद में उसने दम तोड़ दिया।**

लेकिन हैरान करने वाली बात यह रही कि इस गंभीर हादसे के बाद न तो पुलिस को सूचना दी गई और न ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान राजकुमार कुशवाह के रूप में हुई है, जो गुना शहर के संतुष्टि मॉल के पीछे का निवासी था और भवन निर्माण में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शनिवार को वह पाटई गांव में एक निर्माण स्थल पर सेंट्रिंग का काम कर रहा था, तभी शाम करीब 5 बजे सेंट्रिंग उठाते वक्त वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। जोरदार झटका लगते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने उसे आनन-फानन में गांव में ही एक निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। चौंकाने वाली बात यह रही कि हादसे की सूचना न तो म्याना पुलिस को दी गई और न ही कानूनी प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम कराया गया। मजदूर का शव सीधा उसके घर लाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया जा रहा है कि जिस ठेकेदार ने मजदूरी पर भेजा था, वह खुद मृतक का रिश्तेदार है और संभवत: मामले को दबाने की मंशा से पुलिस को अंधेरे में रखा गया।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकलेगा भव्य चल समारोह



**गुना।** यादव समाज गुना द्वारा 16 अगस्त को जन्माष्टमी के अवसर पर शहर में भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव को उत्साह के साथ मनाने के लिए आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। रविवार को गायत्री मंदिर परिसर में बैठक रखी गई। बैठक में सर्व प्रथम भगवान श्री कृष्ण को पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया। इस मौके पर यादव समाज जिले की अध्यक्ष जिला अध्यक्ष कल्याण सिंह यादव एवं समाज के संरक्षक हरि सिंह यादव हरवीर सिंह सरदार सिंह यादव वीर बहादुर सिंह सर्जन सिंह रमेश सिंह करण सिंह शिवराज सिंह उदयभान सिंह, चंद्रजीत सिंह सारेटा एवं सभी समाज बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी विश्ववीर सिंह मानपुर ने बताया की सभी समाज बंधुओं ने निर्णय लिया भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। चल समारोह 16 अगस्त को सुबह 11 बजे गायत्री मंदिर से शुरू होगा। यह शोभायात्रा हनुमान चौराहा, हाट रोड, निचला बाजार, सदर बाजार, मानव भवन आदि प्रमुख मार्गों से होते हुए लक्ष्मीगंज पहुंचेगी। वहां धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन होगा। चल समारोह में भगवान श्रीकृष्ण की झांकियां, भजन मंडलियां, ढोल-नगाड़े, पारंपरिक परिधान में महिलाएं, बच्चे और युवा भाग लेंगे। शोभायात्रा के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार भी लगाए जाएंगे और समाजजन श्रद्धालुओं के लिए जलपान आदि की व्यवस्था करेंगे। यादव समाज एवं सभी समाज बंधुओं से जिलेवासियों से भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह में शामिल होने की अपील की है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए जो भी काम करेंगे वह यज्ञ के समान

**गुना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश अनुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक बमोरी के ग्राम झागर में नवांकुर संस्था लक्ष्य शिक्षा एवं समाज कल्याण पर्यावरण समिति द्वारा नवांकुर सखी योजना अंतर्गत कार्यक्रम सेक्टर व ग्राम झागर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अमिताभ श्रीवास्तव संभागीय प्रभारी ग्वालियर चंबल संभाग मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कमला बाई सरपंच झागर एवं जिला समन्वयक श्रीमती मंजूषा सालोमन जिला समन्वयक और ब्लॉक अमित गोयल जिला गुना भी उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब गुना रॉयल को सेवा कार्यों के लिए छह पुरस्कारों से नवाजा गया

**गुना।** रोटरी क्लब गुना रॉयल को सत्र 2024-25 में किए गए सेवा प्रकल्पों के लिए रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3053 द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में छह प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह ग्वालियर में आयोजित हुआ, जिसमें प्रांतपाल राहुल श्रीवास्तव ने क्लब के निवृत्तमान अध्यक्ष अंकुर दुसाज के नेतृत्व में किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों की सराहना की और पुरस्कार प्रदान किए। क्लब सचिव सुयश देव ने बताया कि रोटरी क्लब गुना रॉयल को डिस्ट्रिक्ट इवेंट अवार्ड, प्रिपेल्स सेल्स अवार्ड, पब्लिक इमेज अवार्ड, सर्विस प्रोजेक्ट अवार्ड, स्किल डेवलपमेंट अवार्ड और इनोवेटिव जीओवी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त डिस्ट्रिक्ट टीम सेक्रेटरी (सर्विस प्रोजेक्ट) के रूप में अभिजीत गोयल को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



रोटरी क्लब गुना रॉयल द्वारा मार्च 2025 में एक महत्वपूर्ण सेवा प्रकल्प के तहत कृत्रिम पैर शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें 101 दिव्यांगजनों को निशुल्क कृत्रिम पैर उपलब्ध कराए गए। इस सेवा कार्य को कार्यक्रम के दौरान मंच से सराहा गया और पूर्व प्रांतपालों ने खुले मंच से क्लब की भूरी-भूरी प्रशंसा की। क्लब द्वारा संचालित एक स्थायी प्रकल्प योगी दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं हेतु निःशुल्क शिक्षा को भी विशेष रूप से सराहा गया। इस प्रकल्प का उद्देश्य दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

ग्वालियर में आयोजित इस आभार कार्यक्रम में रोटरी क्लब गुना रॉयल की ओर से पूर्व अध्यक्ष अभिजीत गोयल, सोनू पाटनी, प्रांतपाल राहुल पांडे, अंकुर दास और सुरेश देव ने सहभागिता की।

## जिले के 1103 बूथों पर कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात

**गुना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें संस्करण को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने जिलेभर में व्यापक स्तर पर आयोजन किए। जिले के सभी 21 मंडलों के कुल 1103 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों के साथ बैठकर इस प्रेरणादायी प्रसारण को सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम में देश की वैज्ञानिक सोच, नवाचार, पारंपरिक मूल्यों और सामूहिक जनशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए आमजन से जुड़ी कहानियों और उपलब्धियों को साझा किया। मन की बात के इस संस्करण में उन्होंने भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा और जनता के प्रयासों को भारत की ताकत बताया। जिला मुख्यालय पर भी इस अवसर को उत्सव की तरह मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार नगर मंडल गुना के शिवाजी शक्ति केंद्र स्थित बूथ क्रमांक 71 पर पहुंचे और वहां कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात को सुना। कार्यक्रम के उपरांत सिकरवार ने बूथ अध्यक्ष वरुण शिवहरे का माल्यार्पण कर सम्मान किया।

**आयोजन** — प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन, भाषण, स्लोगन लेखन, स्केचिंग, पेंटिंग और रंगोली

# दिशा लर्निंग सेंटर पर आयोजित हुई रचनात्मक प्रतियोगिताएं

नवभारत न्यूज

**गुना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान नशे से दूरी, है जरूरी के अंतर्गत गुना जिले में भी लगातार जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में आमजन, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के प्रति सचेत करने के उद्देश्य से रचनात्मक और प्रभावशाली कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय के नेतृत्व और सूबेदार मोनिका जैन के समन्वय में गुना पुलिस लाइन स्थित दिशा लर्निंग सेंटर पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।



इन प्रतियोगिताओं में नशा मुक्ति विषय को केंद्र में रखते हुए निबंध लेखन, भाषण, स्लोगन लेखन, स्केचिंग, पेंटिंग और रंगोली जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सृजनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को उजागर करते हुए समाज को नशामुक्ति की दिशा में जागरूक करने का प्रयास किया। प्रतिभागियों ने अपने विचारों, शब्दों और कला के माध्यम से यह संदेश दिया कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। प्रतियोगिताओं में प्रत्येक श्रेणी के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान घोषित किए गए हैं। विजेता प्रतिभागियों को 30 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाले समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

### रेलवे स्टेशन पर चला नशे से दूरी है जरूरी अभियान, जीआरपी ने किया जनजागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**गुना।** मध्यप्रदेश रेल पुलिस के मुखिया रवि कुमार गुप्ता और रेल इकाई इंदौर के पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन में जीआरपी थाना गुना द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन गुना परिसर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों, रेल कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना रहा। थाना प्रभारी जीआरपी गुना के नेतृत्व में जीआरपी स्टाफ ने मेहनत और लगन से स्टेशन परिसर में व्यापक जनसंपर्क कर जागरूकता फैलाने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों, महिला यात्रियों, रेल रक्षा समिति के सदस्यों, वेंडर्स और आसपास के नागरिकों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस जनजागरूकता अभियान के तहत पोस्टर, बैनर और पेम्फलेट्स के माध्यम से नशा उन्मूलन की जानकारी साझा की गई। लोगों को बताया गया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक जीवन को भी प्रभावित करता है।

## जन्म के समय लंगोट और मरते समय कफन दोनों में नहीं होती जेब




**गुना।** विपरीत परिस्थितियों में भी समता भाव संतोष धारण करना ही सच्चे श्रावक की पहचान है। क्योंकि जिनका संयोग हुआ है उनका नियम से वियोग होने वाला है। हमने जन्म लिया था तब सबसे पहले लंगोटी पहनी, मरने के बाद मात्र कफन उड़ाया जाता है। दोनों में जेब नहीं होती। अत: जो भी शुभ कर्म अथवा अशुभ कर्म पुण्य पाप हमने किया है वही मात्र अगले भवों में तक साथ में जाने वाला है। उक्त धर्मोपदेश नगर में चातुर्मासरत मुनिश्री निरोग सागरजी महाराज ने चौधरी मोहल्ला स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर मुनिश्री ने कहा कि सबसे पुण्यशाली तीर्थंकर भगवान होते हैं, उन्होंने चार घातिया कर्मों का तो नाश कर दिया पर चार अघातियां कर्म अभी भी शेष हैं। दुनिया में ऐसा कोई जीव नहीं है जो पुण्य अथवा पापाश्रव न करें। शुभ अशुभ संसार में होता ही रहता है। अशुभ को छोडकर शुभ में आना होना तभी शुद्धोपयोग की भूमिका बनेगी। कितना भी पुण्यशाली जीव हो जो वह इच्छा करता है जो वह चाहता है। वह उसे नहीं मिल सकता। उसके कर्म में, भागय में जैसा लिखा होगा वैसा ही उसे मिलेगा। इस बात को भगवान भी नहीं पलट सकते। यदि वह सच्चे देव, शास्त्र और गुरुओं की शरण प्राप्त कर लेता है तो वह पाप रूपी प्रकृतियां भी पुण्य रूप में परिवर्तित हो सकती है। जहां तक की भगवान के सामने न कटने वाले पाप भी कट सकते हैं। अत: हमें धर्म और धर्म को धारण करने वाले सच्चे गुरुओं पर श्रद्धा भाव करके इस मनुष्य जन्म को सफल बनाना चाहिए। इस मौके पर मुनिश्री ने कहा कि पहला सुख निरोगी शरीर ही है। पुण्य याग से मनुष्य भव और भोग सामग्री जो हमें प्राप्त हुई है अपने ही पुण्य से मिली है। वहीं पर्याप्त है हमें उसी में संतोष करना चाहिए। इस दौरान मुनिश्री ने पाश्चात्य संस्कृति एवं शिक्षा जो वर्तमान में कथित स्कूलों द्वारा परोसी जा रही है उस पर चिंता जताते हुए जैन समाज गुना द्वारा जैन स्कूल का शुभारंभ करने का आव्हान किया। जिससे भारतीय संस्कारों से परिपूर्ण शिक्षा बच्चों को मिल सके। जिसे सुनकर उपस्थित लोगों में उत्साह जाग्रत हुआ और उन्होंने इसकेलिए दान की घोषणा भी कर दी। इस मौके पर जैन समाज अध्यक्ष संजय जैन एवं महामंत्री अनिल जैन ने समाजजन की भावनाओं को जानते हुए बूढ़े बालाजी रोड पर स्थित गौशाला प्रांगण में स्कूल की स्थापना की घोषणा की।